तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 21.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

02 सैकड़ों एकड़ धान की फसल तबाह, किसानों के सामने...



02 पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने...



खबर संक्षेप

गरियाबंद वनमंडल के विभिन्न वन कक्षों का अफसरों ने किया निरीक्षण



गरियाबंद। गरियाबंद वनमण्डल अंतर्गत विभिन्न वन कक्षों का आज वन विभाग के अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कक्ष क्रमांक 735, 697, 698, 699 एवं 700 का जायजा लिया गया। टीम में सहायक संचालक उदंती मैनपुर गोपालसिंह कश्यप, रेंज ऑफिसर दक्षिण उदंती चंद्रबली ध्रुव, रेंज ऑफिसर नवागढ़ भूखनलाल सोरी, रेंज ऑफिसर कुल्हाड़ीघाट दिनेश चौधरी एवं रेंज ऑफिसर उत्तर उदंती ज्योति ध्रुव उपस्थित थे। इस दौरान ग्राम ओढ़ एवं अमलोर के ग्रामीणों को टीमनपुर बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक 735 का भ्रमण कराया गया तथा वन क्षेत्र का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया।

प्रति एकड़ 25 हजार रुपए सरकार दे मुआवजा : मिश्रा

छुरा। चक्रवात और बेमौसम बारिश ने पककर तैयार धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। तेज हवाओं और बारिश से फसल खेतों में गिर गई है और पानी में डूब गई है। इस गंभीर संकट को देखते हुए किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने राज्य सरकार से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 25 हजार रुपये मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सालभर की मेहनत पर पानी फिरने से किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। श्री मिश्रा ने राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम से तत्काल सर्वे कराकर निष्पक्ष आकलन की मांग की है। साथ ही, दीपावली के पावन पर्व से पहले किसानों के खातों में राहत राशि भेजने का आग्रह किया है। इसके अलावा, उन्होंने केंद्र सरकार से भी प्रभावित किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज घोषित करने, कृषि ऋण वसूली में राहत देने और फसल बीमा का शीघ्र लाभ दिलाने की अपील की है ताकि किसान इस कठिन दौर से उबर सकें।



महंगाई भत्ते में कम वृद्धि से कर्मचारियों में आक्रोश: मिश्रा

राजिम। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 1 नवंबर 2026 से लागू करने के निर्णय से कर्मचारियों में भारी असंतोष है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रामनारायण मिश्रा ने कहा कि यह वृद्धि जनवरी 2026 से देय थी, जिससे 10 महीनों के एरियर का बड़ा नुकसान हुआ है। वहीं, केंद्र ने जुलाई से 3 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि की है, जिससे राज्य के कर्मचारी अब भी पीछे हैं। श्री मिश्रा ने कहा कि दीपावली के बाद मिलने वाले इस लाभ को 'दीपावली का तोहफा' नहीं माना जा सकता। संघ ने सरकार से मांग की है कि वह अपने निर्णय पर पुनर्विचार करे और कर्मचारियों को जनवरी 2026 से एरियर सहित महंगाई भत्ते का पूरा लाभ प्रदान करे।



साय कैबिनेट के फैसले सुशासन का नया अध्याय : योगेश

मैनपुर। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए निर्णयों का स्वागत करते हुए इसे संवेदनशील सरकार का किसानों, आम जनमानस और प्रदेश के हर वर्ग के हित में लिया गया ऐतिहासिक शेष पेज 2 पर



ग्राम पंचायत लोहरसी में कूड़ादान फुल, शौचालयों पर ताले, तो कहीं दरवाजे गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

जनसरोकार: लोहरसी में स्वच्छता के दावों की खुली पोल!

ग्राम पंचायत लोहरसी में सड़क किनारे रखा कूड़ादान कचरे से पूरी तरह भर चुका है। जगह नहीं बचने के कारण कचरा बाहर जमीन पर फैल रहा है। वहीं सर्वजनिक शौचालय की स्थिति भी संतोषजनक नहीं बताई जा रही है। कहीं ताले लटके हैं तो कहीं दरवाजे और जरूरी सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि सरकारी राशि से निर्मित इन सुविधाओं का लाभ आखिर ग्रामीणों को कब मिलेगा?

- 24 सितंबर को सीईओ ने तीन दिन में व्यवस्था सुधारकर फोटो सहित प्रतिवेदन मांगा था



नोटिस जारी करेंगे- सार्वजनिक शौचालयों के संबंध में 24 सितंबर को सभी पंचायतों को आदेश जारी किया था। पालन नहीं करने वाली पंचायतों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। स्वच्छता चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक करेंगे। सार्वजनिक शौचालयों को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।
-ज्योति ढलेन, सीईओ, जपं फिंगेश्वर



जवाबदेही तय हो: ग्रामीण- बिसाहिन साहू, नैना ठाकुर, हेमलता निषाद, चुन्नेश्वरी ध्रुव, गुन्नी बाई साहू, खेमा यादव, अम्बि ध्रुव, तारामति निर्मलकार, दूज बाई निर्मलकर, सोनाई निषाद, त्रिवेणी रावत, रेशमी साहू, मुक्ति साहू, सुनीति ध्रुव, तिलक साहू, कोमल ठाकुर एवं निखिल निर्मलकर सहित ग्रामीणों का कहना है कि सार्वजनिक शौचालयों पर ताले क्यों लटके हैं? कूड़ादान भर जाने के बाद कचरा उठाने की जिम्मेदारी किसकी है? सीईओ के आदेश के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो जवाबदेही तय होनी चाहिए?

ग्राम पंचायत लोहरसी में सड़क किनारे रखा कूड़ादान अपनी क्षमता से अधिक भर चुका है। अंदर जगह नहीं होने के कारण लोग आसपास ही कचरा डाल रहे हैं। कचरा फैलने आसपास दुर्गंध फैलने से राहगीरों और स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। ग्राम पंचायत क्षेत्र में सार्वजनिक शौचालयों तो बने पर कहीं भवनों पर ताले लटके हैं तो कहीं दरवाजे गायब होने से उनका उपयोग करना मुश्किल है। साफ-सफाई, पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी जांच का विषय है।

सीईओ के आदेश के बाद भी सुधार नहीं?- जनपद पंचायत फिंगेश्वर के सीईओ ने 24 सितंबर को सभी ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को आदेश जारी कर सामुदायिक शेष पेज 2 पर

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ: भाजपा की ऐतिहासिक जनसभा एवं विशाल पदयात्रा

लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहा विपक्ष : खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद





गांधी मैदान से सिविल लाइन तक निकली पदयात्रा

आमसभा के पश्चात हजारों कार्यकर्ताओं ने पार्टी के झंडों के साथ 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के गगनभेदी नारों के बीच एक विशाल पदयात्रा निकाली। यह पदयात्रा गांधी मैदान से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सिविल लाइन तक पहुँची। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया। पदयात्रा के माध्यम से जनता को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और राजनीतिक अराजकता के विरोध का स्पष्ट संदेश दिया गया। कार्यक्रम में विभिन्न मंडलों के अध्यक्ष, मोर्चों के पदाधिकारी और भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिससे यह आयोजन अत्यंत सफल और प्रभावी रहा।

भारतीय जनता पार्टी जिला गरियाबंद के तत्वावधान में जिला मुख्यालय पर 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' के संकल्प के साथ एक भव्य जनसभा और विशाल पदयात्रा का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में हजारों की संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा जिला संगठन प्रभारी व प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, राजिम विधायक रोहित साहू, जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद, भंडारगृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय और डमरूधर पुजारी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

गांधी मैदान में आयोजित विशाल आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने की एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिससे प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम सूची में सुनिश्चित हो सके। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि संवैधानिक प्रक्रिया को लेकर विपक्ष जनता के बीच भ्रम और आशंकाएं फैलाकर गुमराह करने का प्रयास कर रहा है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्ध है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए जनता को गुमराह करना उचित नहीं है। राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने संबोधन में कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जागरूक मतदाता और जिम्मेदार नागरिक होते हैं। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और कार्यकर्ताओं के परिश्रम से ही संगठन निरंतर मजबूत शेष पेज 2 पर

तेतलखूंटी नाके पर 85 कट्टा धान और टाटा 407 जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- ओडिशा से धान खपाने की कोशिश नाकाम

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू होने से पहले पड़ोसी राज्य ओडिशा से अवैध धान लाकर राज्य में खपाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के सख्त निर्देशों के तहत देवभोग पुलिस ने मैनपुर क्षेत्र के तेतलखूंटी नाके पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 85 कट्टा धान और परिवहन में प्रयुक्त टाटा 407 मेटाडोर वाहन क्रमांक ओडी 19 ए 5019 को जब्त कर लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह लगभग 8 बजे ओडिशा से अवैध धान परिवहन की सूचना मिलने पर छत्तीसगढ़-ओडिशा सीमा स्थित तेतलखूंटी नाके पर वाहन की जांच की गई। वाहन चालक देवराज ग्वाल निवासी गौटियापारा बोड़ेन जिला नुआपाड़ा, ओडिशा से धान के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहने पर पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 94 के तहत कार्रवाई करते हुए 85 कट्टा धान और वाहन को जब्त कर थाना देवभोग में सुरक्षार्थ सुरक्षित रख लिया है।

लगातार बढ़ाई जा रही है सीमावर्ती इलाकों में सख्ती- गौरतलब है कि देवभोग क्षेत्र में अवैध धान परिवहन का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले राजस्व विभाग ने पीटापारा में कार्रवाई करते हुए ओडिशा से आ रहे 40 बोरी धान और एक पिकअप वाहन को जब्त किया था। देवभोग विकासखंड ओडिशा सीमा से सटा होने के कारण खुटगांव, पीटापारा, खोखसरा, कांदामुड़ा, बरही, उरमाल और तेतलखूंटी जैसे सीमावर्ती मार्गों पर प्रशासन और पुलिस की सतर्कता काफी बढ़ा दी गई है।

राज्यपाल ने स्काउट गाइड को दिया राज्य पुरस्कार प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के तत्वाधान में राज्य स्तर पर राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव अमित कुमार क्षत्रिय के निर्देशन में राज्यपाल के निवास लोक भवन के मंडपम में राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य,शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव एवं अध्यक्ष भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ की अध्यक्षता,शिक्षा सचिव एवं लोक भवन के सचिव की उपस्थिति में राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र एवं अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन मे जिला गरियाबंद से राज्य में सर्वश्रेष्ठ स्काउट के रूप में ईसू कुमार साहू फुलकर्रा को सर्वश्रेष्ठ स्काउट का प्रमाण पत्र एवं 10 हजार रुपए प्रदान किया। सत्र 2025–26 के राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र प्राप्त करने गरियाबंद जिला से प्रतिनिधि के रूप में स्काउट सुमित कुमार परसदाकला,गाइड हेमप्रभा साहू रावड़,आशीष कुमार वर्मा कौंदकेरा,चुनिशा साहू,पाण्डुका,प्रभारी के रूप में आशीष कुमार साहू,डीओसी स्काउट एवं सीमा साहू डी ओ सी गाइड सम्मिलित हुए। जिला सचिव रोमन साहू ने बताया कि सत्र 2025–26 में जिला गरियाबंद से 35 स्काउट, 16 गाइड, 6 रोवर एवं 12 रेंजर कुल 69 प्रतिभागी राज्य पुरस्कार परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू ने दी।

एनएच 130-सी पर फंसा ट्रेलर, दो घंटे लगा जाम



मैनपुर। गरियाबंद जिले के संवेदनशील और व्यस्त माने जाने वाले नेशनल हाईवे 130-सी मैनपुर देवभोग ओड़िशा मार्ग पर पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश कहर बनकर सामने आई है। मार्ग पर मैनपुर और तौरेगा-कोदोमाली के बीच सड़क किनारे की मिट्टी पूरी तरह दलदल में तब्दील हो चुकी है, जिसके चलते एक भारी-भरकम ट्रेलर अचानक बीच रास्ते में फंस गया। मुख्य मार्ग पर सुबह लगभग दो घंटे तक भीषण जाम लग गया, जिससे सड़क के दोनों ओर सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण सड़क के दोनों किनारों की मिट्टी कमजोर होकर दलदल बन चुकी थी। इस रास्ते से गुजर रहा एक बड़ा ट्रेलर जैसे ही कोदोमाली के पास पहुंचा, उसके भारी-भरकम पहिए अचानक दलदल में धंस गए। ट्रेलर के तिरछे फंस जाने के कारण एनएच-130 सी पर आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। देखते ही देखते वाहनों का तांता लग गया और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पयलीखंड जुगाड़ पुलिस प्रधान आरक्षक दिलीप सिन्हा, मनोज तिर्की, डिगेश्वर साहू, भरत नेताम एवं पुलिस का अमला बिना वक्त गंवाए तुरंत दल-बल के साथ मौके पर पहुंचा। पुलिस टीम ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए फौरन राहत और बचाव कार्य शुरू किया। तुरंत एक जेसीबी मशीन बुलाई गई, जिसकी मदद से घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार फंसे हुए ट्रेलर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ट्रेलर के हटते ही पुलिस ने यातायात को नियंत्रित कर सुचारू रूप से आवागमन बहाल किया, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

देवरी, विजयपुर और बिरोडार के निर्माण कार्यों पर उठे सवाल

रसेला। ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं देने के उद्देश्य से स्वीकृत शासकीय निर्माण कार्य कुछ ही वर्षों में बदहाली का शिकार हो जाएं, तो जिम्मेदारों पर सवाल उठना लाजिमी है। छुरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी और उसके आश्रित गांवों में विकास कार्यों की जर्जर स्थिति को लेकर अब जांच और जवाबदेही की मांग उठने लगी है। वहीं, जनपद पंचायत के एक अधिकारी के अनुसार मामले में वसूली का प्रकरण दर्ज किया गया है, जिससे इस प्रकरण ने नया मोड़ ले लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम विजयपुर में शौचालय निर्माण, देवरी में सामुदायिक व सांस्कृतिक भवन तथा बिरोडार में रंगमंच का निर्माण कार्य पिछले करीब चार वर्षों से बदहाल स्थिति में हैं। समुचित उपयोग और रखरखाव के अभाव में ये निर्माण कार्य जर्जर हो रहे हैं, जिससे शासकीय राशि के सदुपयोग और निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है कि ये कार्य पूर्व सरपंच अशोक ठाकुर के कार्यकाल में कराए गए थे। इस पूरे मामले में स्वीकृत राशि, खर्च, कार्यों के मूल्यांकन और वसूली प्रकरण के आधार को लेकर स्पष्टता की मांग की जा रही है। ग्रामीणों और जानकारों का मानना है कि यदि जांच में वित्तीय अनियमितता या लापरवाही साबित होती है, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सरकारी धन से बनी सार्वजनिक संपत्तियां ग्रामीणों की सुविधा का जरिया होती हैं, ऐसे में इनकी वास्तविक स्थिति सामने लाना अब जनपद प्रशासन के लिए एक बड़ी चुनौती बन गया है।



चार साल में विकास कार्य हुए जर्जर

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

अंतिम सत्यापन 15 दिनों में होगा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में स्वैच्छिक ग्राम विस्थापन की प्रक्रिया के क्रियान्वयन के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की द्वितीय बैठक गुरुवार को कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ग्राम जुगाड़ एवं देवझरअमली के पुनर्वास हेतु वैकल्पिक भूमि का अंतिम रूप से चयन किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी 15 दिनों के भीतर इन दोनों ग्रामों के पात्र हितग्राही परिवारों की पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। इस अवधि में दावा-आपत्ति की प्रक्रिया भी सम्मिलित रहेगी, जिसके अंतर्गत ग्रामीण अपने दावे, आपत्तियां एवं अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके पश्चात पात्र हितग्राहियों की अंतिम सूची जारी की जाएगी। बैठक में ग्राम ओढ़ एवं अमलोर में स्वैच्छिक विस्थापन के संबंध में ग्राम सभाओं द्वारा पारित प्रस्तावों पर भी चर्चा की गई। इन दोनों ग्रामों के विस्थापन हेतु भी वैकल्पिक भूमि का चयन अंतिम रूप से कर लिया गया है। इस प्रकार उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में चार ग्रामों के स्वैच्छिक विस्थापन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। बैठक में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन सहित विभागीय अधिकारी एवं प्रभावित गांव के गणमान्य नागरिक गण शामिल रहे।

हाथी कॉरिडोर से बाहर ही होगा पुनर्वास स्थलों का चयन - कलेक्टर शर्मा ने कहा कि विस्थापन का उद्देश्य केवल ग्रामीणों को वर्तमान निवास स्थल से स्थानांतरित करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित एवं बेहतर जीवन परिस्थितियां उपलब्ध कराना भी है। साथ ही यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि नए पुनर्वास स्थलों पर भविष्य में मानव-हाथी द्वंद्व अथवा अन्य मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति उत्पन्न न हो। कलेक्टर श्री शर्मा ने राजस्व एवं वन विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ विस्थापन से संबंधित सभी लंबित औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने तथा निर्धारित समय-सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में अनावश्यक विलंब एवं लापरवाही पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, लापरवाही अथवा जानबूझकर रुचि नहीं लेने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



परेशानी : आंधी और मूसलाधार बारिश से खेतों में डूबा लहलहाता धान, किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट

अर्नब तूफान का कहर: किसानों की मेहनत पर फिरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अर्बन तूफान के कहर ने अन्नदाताओं की कमर तोड़ दी है। तेज आंधी, तूफान और मूसलाधार बारिश के कारण खेतों में लहलहाती धान की फसल पानी में डूब गई है। कटाई के ठीक पहले आई इस प्राकृतिक आपदा ने किसानों की सालभर की उम्मीदों और मेहनत पर पानी फेर दिया है, जिससे पूरे परिवार के भविष्य और रोजी रोटी का संकट आ गया है। किसान दिन-रात मेहनत कर, कर्ज और जमा पूंजी लगाकर फसल तैयार करते हैं। उन्हें उम्मीद होती है कि अच्छी फसल से घर-परिवार की जरूरतें पूरी होंगी और बच्चों की पढ़ाई का खर्च निकलेगा। लेकिन तूफान और तेज बारिश के कारण खेतों में जलभराव से धान के दाने खराब होने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। खेतों में फसल के बिछ जाने से कटाई और मिंजाई का काम भी अत्यंत कठिन हो गया है। फसल बर्बाद होने का दर्द केवल खेतों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका सीधा असर पूरे परिवार पर पड़ा है। ग्राम कुरूद पांडुका के ठमेश साहू की 4 एकड़ पूरी फसल बर्बाद हो गई है। इसके अलावा चेतन साहू, भगत राम साहू (रजनकटा) और टीकम सिन्हा अतरमरा जैसे किसानों का कहना है कि पूंजी डूबने के डर के साथ-साथ अब कर्ज चुकाने और परिवार की दैनिक जरूरतें पूरी करने की गंभीर चुनौती सामने खड़ी हो गई है।

प्रशासन से सर्वे और मुआवजे की आस-

मुश्किल घड़ी में अब किसानों की निगाहें शासन और प्रशासन पर टिकी हैं। प्रभावित किसानों ने मांग की है कि कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम जल्द से जल्द खेतों का निरीक्षण कर नुकसान का निष्पक्ष सर्वे करे। किसानों को उम्मीद है कि समय पर उचित मुआवजा और सरकारी सहायता मिलने से उन्हें इस आपदा से उबरने में संबल मिलेगा।



सैकड़ों एकड़ धान की फसल तबाह, किसानों के सामने आर्थिक संकट



कोपरा। अर्नब चक्रवात के प्रभाव से हुई लगातार बारिश ने कोपरा क्षेत्र के ग्राम देवरी, जेंजरा, कपसीडीह, टेका, कौनढ़केरा, तरीघाट, सहसपुर लोहरसी, भेंडरी, कोपरा, तर्रा, सुरसाबंधा, खुटेरी, सिर्रीखुर्द, कुंडेल जैसे कई गाँवो में धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। पकने की कगार पर खड़ी फसल बारिश और तेज हवाओं के कारण खेतों में चटाई की तरह बिछ गई है। वहीं खेतों में करीब एक फीट तक पानी भरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। देवरी के किसान शिव कुमार साहू, लोहरसी के किसान जागेश्वर साहू, सिर्रीखुर्द के किसान तेजराम साहू, भेंडरी के किसान एलु राम साहू, जैसे कई किसानो ने बताया कि गांव के कई किसानों की फसल प्रभावित हुई है। क्षेत्र में कई एकड़ में किसान धान की खेती की थी। पूरे सीजन फसल की बच्चों की तरह देखभाल की और अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन कटाई से ठीक पहले हुई बारिश ने मेहनत पर पानी फेर दिया। दीपावली से पहले फसल बर्बाद होने से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। खेती ही सालभर की आमदनी का प्रमुख सहारा है। ऐसे में किसान ने शासन-प्रशासन से प्रभावित खेतों का तत्काल सर्वे कराकर नुकसान का आकलन करने और नियमानुसार उचित मुआवजा देने की मांग की है।

मुआवाजा व किसानों के कर्ज हो माफ हो : तेजराम



राजिम/फिंगेश्वर। अर्नब चक्रवाती तूफान और बारिश के चलते पककर कटने को तैयार धान एवं सब्जी वर्गीय फसलों का भारी नुकसान हुआ है जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष तेजराम विद्रोही ने कहा कि किसान संगठन हमेशा से किसानों के लिए सरकार से यह मांग करती आयी है कि स्वामीनाथन आयोग के सिफारिशों के अनुरूप किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से बचाने के लिए एक जोखिम फंड का निर्माण करना चाहिए। किसान और प्रकृति दोनों एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। कभी सूखा, अल्प वर्षा, अति वर्षा और अर्णब जैसे चक्रवात न जाने कितने बारे किसानों को झेलना पड़ता है उनके लिए खेती करना आसान नहीं होता जिस पर पुरे परिवार का भविष्य टिका होता है साथ ही देश की अर्थव्यवस्था निर्भर है। भारतीय किसान यूनियन सरकार से मांग करती है कि किसानों के फसल नुकसानी का मूल्यांकन के लिए राजस्व विभाग, कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अधिकारी कर्मचारी को अतिशीघ्र खेतों में जाना चाहिए और किसानों को राहत राशि प्रदान की जानी चाहिए साथ ही सरकार सभी किसानों का कर्ज माफ करे ताकि किसानों को आर्थिक और मानसिक संकट से उबारा जा सके।

कर्ज लेकर की थी खेती, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)



अर्नब चक्रवाती तूफान के प्रभाव से छुरा विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले दो दिनों से तेज हवा और भारी बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में पककर कटाई के लिए तैयार धान की फसल बारिश के पानी में डूब गई है, वहीं तेज हवाओं के चलते बड़ी मात्रा में धान की फसल जमीन पर गिरकर बिछ गई है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका है। छुरा विकासखंड के खड़मा, कोरासी, पक्तियां, जुनवानी, बोईरगांव, पिपरछेड़ी, अमेठी, कसेकेरा, सजापाली, फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, मुड़ागांव, अकलवारा, रानीपरतेवा, करकरा, करचाली सहित आसपास के गांवों में धान की फसल को व्यापक नुकसान पहुंचा है। बारिश से खेतों में पानी भरने के कारण धान की बालियां भी प्रभावित हो रही हैं। किसानों का कहना है कि उन्होंने खाद, बीज और रोपाई के लिए कर्ज लेकर खेती की थी। पूरे साल मेहनत करने के बाद अब जब फसल कटाई के लिए तैयार हुई, तब प्राकृतिक आपदा ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। फसल को खेतों में बिछा देखकर किसानों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। यदि मौसम इसी तरह बना रहा तो फसल की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। किसानों ने कृषि विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों से प्रभावित गांवों का दौरा कर फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने तथा वास्तविक क्षति का सर्वे कराने की मांग की है। साथ ही प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा राशि प्रदान कर आर्थिक राहत देने की मांग की है।

जलभराव से संकट में फसल, किसानों ने तत्काल नहर बंद करने की मांग की



राजिम। चक्रवाती तूफान, तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने राजिम क्षेत्र के किसानों की सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में पकने की तैयारी कर रही धान की फसल तेज हवाओं के कारण जमीन पर बिछ गई है। ऊपर से खेतों में जलभराव और नहर से लगातार आ रहे पानी ने किसानों की चिंता और अधिक बढ़ा दी है। किसान सेवा समिति के पूर्व अध्यक्ष भोले साहू, राजू वर्मा, लालाराम वर्मा, नंदूराम वर्मा, मुकुंद देवांगन, बिसहत साहू और राम गुलाल साहू ने बताया कि बालियां निकलने के समय आई इस आपदा से दाने में दूध भरने की प्रक्रिया प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते नहर का पानी बंद नहीं किया गया, तो लगातार जलभराव से गिरी हुई फसल सड़ने लगेगी, दाने अंकुरित हो जाएंगे और कीट-रोगों का प्रकोप बढ़ जाएगा, जिससे उत्पादन आधा रह जाने की आशंका है। फिलहाल बारिश थमने के बाद किसान खेतों से पानी निकालने के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं और मेड़ काटकर निकासी मार्ग बना रहे हैं। किसानों ने शासन-प्रशासन से तत्काल नहर का पानी बंद कराने की मांग की है ताकि खेतों में जमा पानी निकल सके और बची-कुची फसल को बचाया जा सके।

पेज 3 के शेष...

ग्राम पंचायत...

शौचालयों की साफ-सफाई, पानी और बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए थे। साथ ही तीन दिवस के भीतर फोटो सहित पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने को कहा गया था। पर हालात में सुधार नहीं हुआ है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया...

होता है। विपक्ष द्वारा किए जा रहे भ्रामक प्रचार का जवाब तथ्यों, जनसंवाद और जनजागरूकता के माध्यम से दिया जाना चाहिए। विधायक रोहित साहू व जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने भी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे विपक्ष के भ्रामक प्रचार का जवाब तथ्यों और जनजागरूकता के माध्यम से दें। नेहरू निषाद, चंदूलाल साहू, संतोष उपाध्याय और डमरूधर पुजारी ने भी अपने संबोधन में संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के सम्मान पर जोर दिया।

साय कैबिनेट के...

फैसला बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ सुशासन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। श्री शर्मा ने विज्ञप्ति में कहा कि कैबिनेट का सबसे बड़ा और किसानों के हित में लिया गया निर्णय खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू करने का है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ अधिकतम 21 क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने कृषक उन्नति योजना में भी बड़ा सुधार किया है। अब आदाने सहायता राशि प्रति क्विंटल के स्थान पर प्रति एकड़ के मान से प्रदान की जाएगी इससे किसानों को प्रोत्साहन मिलेगा।

निधन

हाजी अब्दुल गफ्फार



नवापारा-राजिम। नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी हाजी अब्दुल गफ्फार उम्र 82 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। उन्हें शनिवार, 31 अक्टूबर को दोपहर ढाई बजे सुपुर्दे खाक किया जाएगा। वे असलम, सादिक, सलीम और सज्जू के वालिद थे। हाजी अब्दुल गफ्फार के निधन से मुस्लिम समाज सहित शहर में शोक का वातावरण है।

वीरगाथा परियोजना 6.0 में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा



विद्यार्थियों में देशभक्ति और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्व. पं. मिलऊदास कोसरिया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौंदकेरा में वीरगाथा परियोजना 6.0 का आयोजन किया गया। यह रक्षा मंत्रालय एवं शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को देश के वीर योद्धाओं, वीरांगनाओं और वीरता पुरस्कार विजेताओं के साहस एवं बलिदान से परिचित कराया जा रहा है।

व्याख्याता दुष्यंत कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिता में चित्रकला, निबंध और कविता लेखन के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। चित्रकला में स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों के चित्र बनाए, वहीं निबंध एवं कविता के जरिए उनके संघर्ष, त्याग और देशभक्ति को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता में किरण भारती, त्रिवेणी, हुलसी, दुलेश्वरी, यशोदा, चंचल, हिना, कुलभूषण और तन्मय सहित अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्राचार्य एमआर रात्रे ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से विद्यार्थियों में व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता और देशभक्ति की भावना मजबूत होती है।

आयोजन में दीनूराम यदु, खिलावन सिन्हा, एलआर साहू, सीपी साहू, सीएल साहू, हरिशचंद्र निषाद, परमेश्वर निषाद, अजय साव, रितेश पटेल, कृष्ण कंसारी और मीरा साहू सहित विद्यालय के शिक्षकों का योगदान रहा।

अर्नब से नहीं मानी हार, संजीवनी108 स्टॉफ ने दो मामलों में बचाई दो लोगों की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के बीच जब चारों तरफ तेज हवाएं चल रही थीं और दुर्गम पहाड़ी रास्तों पर विशाल पेड़ गिरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया था, संजीवनी 108 की टीम ने हार नहीं मानते हुए दो लोगों की जान बचाई।

पहले मामले में तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से आमामोरा पहाड़ी क्षेत्र के कुकरार मार्ग पर कई बड़े–बड़े पेड़ गिर गए थे। तेज हवाओं के चलते रास्ता बंद हो चुका था। ऐसे हालात में प्रसव पीड़ा से जूझ रही उमन बाई, पति मोहन लाल भुंजिया, निवासी ग्राम कुकरार तक पहुंचना 108 टीम के लिए बड़ी चुनौती बन गया। लेकिन मरीज की गंभीर जरूरत को देखते हुए टीम ने पीछे हटने के बजाय रास्ता साफ करने का प्रयास किया। रास्ते में गिरे पेड़ों को काटकर और स्थानीय लोगों के सहयोग से बाधाओं को पार करते हुए एंबुलेंस प्रसूता के घर तक पहुंची। इस चुनौतीपूर्ण अभियान में 108 एंबुलेंस के पायलट प्रकाश साहू और ईएमटी हेमंत कुमार साहू के साथ दुर्गेश पुरेना ओढ़ तथा आमामोरा निवासी भुनेश्वर यादव, राजेंद्र यादव और गौरसिंह भुंजिया ने सहयोग किया। सभी ने मिलकर दुर्गम रास्ते की बाधाओं को पार करने में मदद की और प्रसूता तक पहुंचने का रास्ता बनाया।

एनएच पर गिरे पेड़ को काटा, प्रसूता को पहुंचाया



वही दूसरे मामले मे मैनपुर विकासखंड के अमलीपदर से एक दिल को छू लेने वाली और अदम्य साहस की मिसाल सामने आई है, जहाँ संजीवनी एक्सप्रेस (108) के कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर और सूझबूझ दिखाते हुए एक गंभीर रूप से बीमार बच्चे की जान बचाई। संजीवनी एक्सप्रेस 108 के चालक उपेन्द्र यादव और एमटी मनीष साहू, देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से श्वास की बीमारी से पीड़ित एक बच्चे को रेफर किए जाने के बाद रायपुर एम्स अस्पताल लेकर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे जैसे ही नेशनल हाईवे 130 सी पर धुरवागुड़ी पथरी नाला के पास एम्बुलेंस पहुँची, तो वहाँ आंधी–तूफान के कारण रास्ते में एक भारी–भरकम पेड़ गिरा हुआ था, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया था। मुश्किल घड़ी में चालक और मेडिकल टेक्नीशियन ने हिम्मत नहीं हारी। उन्होंने सबसे पहले गरियाबंद संजीवनी एक्सप्रेस को इसकी जानकारी दी और वहाँ से दूसरी एम्बुलेंस के लिए प्रयास किया। इसके बाद, चालक उपेन्द्र यादव और एमटी मनीष साहू ने खुद मोर्चा संभालते हुए रात के 11 बजे से लेकर रात के 1 बजे तक पूरे दो घंटे कुल्हाड़ी से उस भारी पेड़ को झमाझम बारिश के बीच भीगते हुए खुद काटकर रास्ते से हटाया। रास्ता साफ होने के बाद वे मरीज को लेकर रायपुर के लिए रवाना हुए। इस बीच, पाण्डुका गरियाबंद से 20 किमी दूर से दूसरी एम्बुलेंस भी मदद के लिए पहुँच गई और आपसी समन्वय से मरीज को सुरक्षित रूप से अस्पताल पहुँचाया गया।



वैद्यनाथ धाम के लिए 50 तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



नवापारा शहर से मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत 50 तीर्थयात्रियों का जत्था शुक्रवार को बाबा वैद्यनाथ धाम की पावन यात्रा के लिए रवाना हुआ। तीर्थयात्रियों के प्रस्थान के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, तनु मिश्रा, साधना सौरज सहित जनप्रतिनिधियों ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए विदाई दी। तीर्थयात्रा को लेकर बुजुर्गों और अन्य यात्रियों में खासा उत्साह देखने को मिला। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के अंतर्गत क्षेत्र के श्रद्धालुओं को धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर मिल रहा है। बस के नगर पहुंचने के बाद निर्धारित प्रक्रिया के तहत 50 तीर्थयात्री बाबा वैद्यनाथ धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं श्रद्धालुओं को तीर्थस्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। धार्मिक आस्था से जुड़ी ऐसी योजनाएं लोगों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने के साथ जीवन में आध्यात्मिक आनंद का अवसर भी प्रदान करती हैं। कहा कि विधायक इंद्रकुमार साहू के विशेष प्रयासों से नवापारा क्षेत्र के तीर्थयात्रियों के लिए बस यहां तक पहुंच सकी और उन्हें बाबा वैद्यनाथ धाम की यात्रा पर जाने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के माध्यम से नवापारा के 50 श्रद्धालुओं को बाबा वैद्यनाथ धाम के दर्शन का अवसर मिलना क्षेत्र के लिए सुखद पहल है।

चक्रवात का खौफ छंटा, बाजार में लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



दो दिनों तक चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर झेलने के बाद शुक्रवार को नवापारा बाजार ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली। आसमान में आधी धूप और आधी छांव, कहीं ठंडक तो कहीं गर्मी के मिले-जुले मौसम के बीच बाजार में खरीदारों की आवाजाही लगातार बढ़ती रही। सुबह सूर्य की पहली किरण के साथ ही बाजार में चहल-पहल शुरू हो गई और दोपहर होते-होते पूरा बाजार आबाद नजर आने लगा। चक्रवात का खौफ अब पीछे छूटता दिखाई दे रहा है और त्योहार की खरीदारी ने बाजार में नई जान फूंक दी है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवाती तूफान अर्नब की आहट ने किसानों, व्यापारियों और रोज कमाकर खाने वाले छोटे कारोबारियों की चिंता बढ़ा दी थी। दो दिनों तक मौसम की अनिश्चितता और बारिश की आशंका ने बाजार की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया था। किसानों के माथे पर भी चिंता की लकीरें खिंच गई थीं। खेतों में तैयार खड़ी फसल और कटाई-मिंजाई की तैयारियों के बीच बारिश की आशंका किसी बड़ी मुसीबत से कम नहीं थी। अब सबकी निगाहें साफ मौसम और त्योहार की खरीदारी पर टिकी हैं। चक्रवात का डर भले ही कम हो गया हो, लेकिन किसानों के लिए असली राहत तब होगी, जब खेतों में धूप खिलेगी और उनकी फसल सुरक्षित रहेगी।

पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि के लिए महिलाओं ने की पूजा-अर्चना, चंद्र दर्शन के बाद खोला व्रत





सुरसाबांधा। ग्राम लोहरसी में करवा चौथ का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गांव की सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, सुखी दांपत्य जीवन तथा परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। करवा चौथ भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन में प्रेम, विश्वास एवं आपसी सामंजस्य बनाए रखने के उद्देश्य से व्रत रखती हैं। ग्राम लोहरसी में भी महिलाओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत की तैयारी की। दिनभर व्रत रखकर महिलाओं ने अपने परिवार की खुशहाली और घर में सुख-शांति बनी रहने की कामना की। शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर करवा चौथ की परंपराओं का पालन किया गया। मान्यता के अनुसार, करवा चौथ का व्रत पति-पत्नी के बीच प्रेम, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक है। यह पर्व न केवल दांपत्य जीवन की मधुरता को दर्शाता है, बल्कि परिवार और भारतीय संस्कृति के पारंपरिक मूल्यों को भी सुदृढ़ करता है। चंद्र दर्शन एवं पूजा के पश्चात महिलाओं ने अपने पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण किया। ग्राम लोहरसी में करवा चौथ के पर्व ने पारिवारिक प्रेम, आस्था और परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की।



16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान





















क्यों चुनें हमें?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।